अंक-7

# स्वास्थ्य आपके द्वार...

मासिक न्यूज़लेटर | जुलाई, 2026

## अपर मुख्य सचिव की कलम से...



प्रिय पाठकगण,

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश की विभागीय मासिक पत्रिका 'स्वास्थ्य आपके द्वार' के इस अंक के माध्यम से आप सभी से संवाद करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, किफायती एवं समतामूलक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों। इसी दृष्टि के अनुरूप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने तथा जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से 'निवारक स्वास्थ्य देखभाल (Preventive Healthcare)' को स्वास्थ्य नीति के केन्द्र में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

'स्वास्थ्य आपके द्वार' का यह अंक 'परिवार नियोजन' जैसे महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य विषय पर केन्द्रित है, जो सतत विकास, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानव संसाधन विकास तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा का प्रमुख आधार हैं। परिवार नियोजन केवल स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक विकास की आधारभूत रणनीति है। प्रदेश सरकार इस दिशा में सेवा प्रदायगी को सुदृढ़ करने, आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, व्यवहार परिवर्तन संचार को सशक्त बनाने तथा पुरुष सहभागिता को बढ़ावा देने पर विशेष बल दे रही है।

'विश्व जनसंख्या दिवस' हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम जनसंख्या स्थिरीकरण को केवल सांख्यिकीय लक्ष्य के रूप में नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय एवं सतत विकास के व्यापक दृष्टिकोण से देखें।

मुझे विश्वास है कि 'स्वास्थ्य आपके द्वार' का यह अंक परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति विश्वास, सहभागिता एवं उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करेगा।

आइए, हम सभी मिलकर ऐसे उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प लें, जहाँ प्रत्येक परिवार स्वस्थ, प्रत्येक नागरिक जागरूक और प्रत्येक समुदाय स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति उत्तरदायी हो।

आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं सहित।

**अमित कुमार घोष** आई.ए.एस.
अपर मुख्य सचिव
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
व चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ.प्र.

## मिशन निदेशक की कलम से...



प्रिय पाठकगण,

आप सभी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश की विभागीय मासिक पत्रिका 'स्वास्थ्य आपके द्वार' के नवीन अंक के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएँ।

इस अंक का मुख्य विषय 'परिवार नियोजन' है, जो स्वस्थ, सशक्त एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनसंख्या स्थिरीकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार तथा प्रत्येक परिवार को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण का माध्यम नहीं, बल्कि प्रत्येक दम्पति को अपनी आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के अनुरूप सूचित एवं स्वैच्छिक निर्णय लेने का अधिकार प्रदान करने का सशक्त माध्यम है।

'विश्व जनसंख्या दिवस' हमें यह संदेश देता है कि संतुलित जनसंख्या ही सतत विकास, बेहतर स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन का आधार है। उत्तर प्रदेश में परिवार नियोजन सेवाओं की पहुँच को सुदृढ़ बनाने, आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र दम्पति तक गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक परिवार नियोजन सेवाएँ समयबद्ध रूप से पहुँचें।

मैं प्रदेशवासियों से आग्रह करती हूँ कि परिवार नियोजन को स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार की आधारशिला के रूप में अपनाएँ तथा स्वच्छता, व्यक्तिगत सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सक्रिय सहभागिता निभाएँ।

मुझे विश्वास है कि 'स्वास्थ्य आपके द्वार' का यह अंक पाठकों को उपयोगी जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगा। आइए, हम सब मिलकर स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और स्वस्थ उत्तर प्रदेश के निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करें।

आपके सुझाव एवं सहभागिता सदैव स्वागतयोग्य है। आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित।

**डॉ. पिंकी जोवल** आई.ए.एस.
मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र.
व सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं
परिवार कल्याण विभाग, उ.प्र.

### "जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल"





# परिवार नियोजन कार्यक्रम



विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन 11 जुलाई 1987 को विश्व की आबादी 05 अरब पहुँचने पर प्रारम्भ किए जाने का विचार किया गया था, जिसके आयोजन के बारे में विश्व बैंक के सीनियर डेमोग्राफर डॉ. के.सी. जकरिया द्वारा सुझाव दिया गया था। यह आयोजन वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउन्सिल द्वारा स्थापित किया गया था। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि सम्बन्धी समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करते हुए जनमानस को जागरूक करना है।

हमारा देश, विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक आबादी वाला देश है तथा पूरे विश्व की 17.7 प्रतिशत आबादी भारत में निवास करती है। देश में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। वर्तमान में भारत की सकल प्रजनन दर 2.0 व उत्तर प्रदेश की 2.2 (NFHS-6) है। परिवार नियोजन, सकल प्रजनन दर में कमी के साथ-साथ मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष की भाँति वर्ष 2026 में भी प्रदेश में 11 से 18 जुलाई, 2026 तक मातृ एवं शिशु के बेहतर स्वास्थ्य तथा अनियोजित गर्भधारण की रोकथाम एवं गर्भधारण के उचित अंतराल विषय पर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप जन-जागरूकता बढ़ाने, परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा लोगों तक सही जानकारी पहुँचाने के उद्देश्य से विश्व जनसंख्या दिवस अभियान 2026 का आयोजन निम्नलिखित थीम एवं स्लोगन पर किया गया -

***"Healthy Timing & Spacing between Pregnancies for wellbeing of mother & child and to prevent unintended pregnancies"***

**"जब बच्चों में हो सही अंतराल,**
**परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल"**

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसाधारण को संवेदीकृत किए जाने हेतु व्यापक व सघन प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत गर्भनिरोधक सामग्रियों की उपलब्धता ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाइयों तक उपलब्ध कराने के उपरांत, उपकेन्द्र स्तर तक चरणबद्ध तरीके से परिवार नियोजन सेवाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। आशा द्वारा नवविवाहित जोड़ों को शगुन किट उपलब्ध कराई जा रही है। समस्त जनपदों में गर्भनिरोधक साधन कण्डोम की लगातार उपलब्धता बनाए रखने हेतु कण्डोम बॉक्स की स्थापना की गई है।

परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों पर जनसमुदाय हेतु उपलब्ध सेवाएँ:-

- **स्थायी विधि -** महिला तथा पुरुष नसबंदी
- **अस्थायी विधि -** ओरल पिल्स, कण्डोम, आई.यू.सी.डी., प्रसव पश्चात / गर्भसमापन पश्चात आई.यू.सी.डी., अन्तरा (गर्भनिरोधक इंजेक्शन) तथा गैर-हार्मोनल गोली छाया (गर्भनिरोधक गोली)।
- मीडिया तथा अन्य समस्त प्रचार-प्रसार विधियों के माध्यम से विवाह की उम्र बढ़ाने, बच्चों के जन्म में अन्तर रखने, परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी, प्रसव पश्चात एवं गर्भसमापन पश्चात परिवार नियोजन हेतु स्थायी (महिला एवं पुरुष नसबंदी) एवं अस्थायी विधियाँ-कण्डोम, छाया (गर्भनिरोधक गोली), आई.यू.सी.डी., पी.पी.आई.यू.सी.डी., अन्तरा (त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन)- समस्त चिकित्सा इकाइयों पर निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं।

विश्व जनसंख्या दिवस के दौरान विधावार उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं:-

- पुरुष नसबंदी - 237
- महिला नसबंदी - 3391
- आई.यू.सी.डी. - 34054
- पी.पी.आई.यू.सी.डी. - 18968
- पी.ए.आई.यू.सी.डी. - 612
- अन्तरा (गर्भनिरोधक इंजेक्शन) - 75367
- छाया (गर्भनिरोधक गोली) - 284349
- ओ.सी.पी. - 347563
- कण्डोम - 3081974

# प्रदेश में आयोजित विश्व जनसंख्या दिवस की प्रमुख सफलता की कहानियां

**बिजनौर की प्रेरक पहल: स्थायी परिवार नियोजन की ओर सफल कदम**

शहाना, एक घरेलू महिला है जिसकी उम्र 30 वर्ष है। वह बिजनौर जनपद के टेकरी इलाके में रहती है। उसका पति मजदूरी का काम करता है। छठी कक्षा तक पढ़ी शहाना की शादी कम उम्र में ही हो गई थी। शादी के एक-डेढ़ साल बाद उसको पहला बच्चा सरकारी अस्पताल में हुआ, तब उसकी मुलाकात यहाँ के परामर्शदाता तौहीद खान से हुई। परामर्शदाता ने उसको समझाया कि आपको अपने बच्चों में अंतराल रखना चाहिए। इसके लिए परिवार नियोजन की सभी अस्थायी तथा स्थायी विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तब शहाना ने निर्णय लिया और पहले प्रसव के बाद आई.यू.सी.डी. का इस्तेमाल किया और 3 साल बाद उसने इसे निकलवाकर दूसरे बच्चे का प्लान किया। अब छोटा बच्चा 14 महीने का है और अब इस बच्चे की देखभाल में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए उसने पुन: परिवार नियोजन साधन अपनाने का निर्णय लिया और इस बार उसने आपसी सहमति से अन्तरा इंजेक्शन लगवाना शुरू किया।

जब वह अन्तरा की पाँचवीं डोज के लिए अस्पताल आई, तो परामर्शदाता ने पूछा कि क्या उन्हें इससे कोई परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि कोई समस्या नहीं है, लेकिन वह और बच्चे नहीं चाहतीं। अब कोई परमानेंट साधन अपनाना चाहती हूँ। उसके परिवार वालों का उस पर बहुत दबाव था, लेकिन उसने अपने पति को समझाया और पति ने उसका सहयोग किया। उसके बाद परामर्शदाता ने उन्हें परमानेंट नसबंदी के तरीकों, खासकर महिलाओं और पुरुषों की नसबंदी के बारे में फिर से सलाह दी। आने वाले NSV कैंप के बारे में अवगत कराया, जिससे प्रेरित होकर पति-पत्नी दोनों ने मिलकर अपना पक्का मन बनाया और अब शहाना नसबंदी करवाना चाहती थी। शहाना NSV कैंप के दिन आई और महिला नसबंदी की सेवा ली। उसका मानना है कि अगर मैं बच्चों में अंतर रखूँगी, तो मेरा तथा मेरे परिवार का स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा और मैं अच्छे से अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई कर सकती हूँ। शहाना अब अपने परिवार के साथ बहुत खुश है।

**जनपद प्रयागराज - जन समुदाय में पुरुष नसबंदी सेवा की मांग में वृद्धि हेतु अपनाई गई रणनीति**

पुरुष नसबंदी सेवा में प्रति वर्ष उच्च उपलब्धि प्राप्ति के परिप्रेक्ष्य में जनपद प्रयागराज की अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ता, ब्लॉक टीम तथा जनपद स्तरीय टीम का विशेष योगदान रहा है।

जनपद टीम द्वारा पुरुष नसबंदी सेवा की जन समुदाय में मांग में वृद्धि हेतु विभिन्न स्तरों पर व्यापक रणनीति बनाई गई। इसके अंतर्गत ग्राम तथा उपकेन्द्र स्तर पर गोष्ठी, गाँव के प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा प्रचार-प्रसार में सहयोग, पूर्व में पुरुष नसबंदी अपना चुके व्यक्तियों को रोल मॉडल के रूप में ब्लॉक स्तरीय एवं उपकेन्द्र स्तरीय बैठकों में आमंत्रित

कर पुरुष नसबंदी के उपरांत होने वाली मर्दाना कमजोरी जैसी भ्रांतियों को दूर करने में सहायक तो बनी ही, साथ ही अन्य पुरुषों को इसके जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के बारे में बताकर उनको भी पुरुष नसबंदी की सेवा से जोड़ा गया।

## विश्व जनसंख्या दिवस समारोह की प्रमुख झलकियाँ





















Urban PHC Gaushala/Rampuri में विश्व जनसंख्या दिवस (WPD) उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आशा कार्यकत्रियों द्वारा लाभार्थियों को परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के महत्व के प्रति जागरूक करने हेतु प्रभावशाली स्किट/नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से लाभार्थियों को छोटे परिवार, स्वस्थ परिवार तथा परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया गया। जनपद मुजफ्फरनगर



